विषय:- बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका

दिनांक:- 06.09.2021

श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज की हिंदी साहित्य सभा 'मंथन' द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर 6 सितंबर, 2021 को एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का विषय 'बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका' था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के देशबंधु कॉलेज के प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी जी थे। कार्यक्रम का मंच-संचालन हिंदी (ऑनर्स) की छात्रा और 'मंथन' की सदस्य कलश शर्मा ने किया।

कार्यक्रम का आरंभ 'मंथन' के संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सोसायटी की गतिविधियों और उद्देश्यों से अवगत करवाने से हुआ । तत्पश्चात विभाग प्रभारी डॉ. अंजु ने मुख्य वक्ता प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी का स्वागत किया और गुरु और शिष्य संबंधों की सुदीर्घ परंपरा से परिचित कराया।

‘बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका’ पर चर्चा करते हुए प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी ने छात्र और शिक्षक से जुड़े तमाम पक्षों को उजागर किया। उन्होंने वैदिक काल से वर्तमान तक गुरु-शिष्य परंपरा के हर पहलू पर विचार किया। वक्तव्य के पश्चात प्रश्नोतरी सत्र का बखूबी निर्वाह किया गया। मुख्य वक्ता द्वारा वेबिनार के सफल आयोजन पर ‘मंथन’ सोसाइटी को बधाई दी। डॉ. अमरजीत कौर व डॉ. दीपमाला ने भी छात्रों का मागदर्शन करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बधाई दी।

इस वेबिनार में देशभर से प्रतिभागी उपस्थिति रहे , जिनमें साहित्यकार, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ शामिल थे। जिनमें डॉ. मौसम कुमार, डॉ. टेकचंद, डॉ. लक्ष्मी गोयल, शामली पेल आदि प्रमुख हैं।

कार्यक्रम का समापन 'मंथन' के संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. अंजु के मार्गदर्शन का अहम योगदान रहा।